# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय

एम.एल.बी. रोड, पड़ाव, ग्वालियर (म०प्र०)474007

दूरभाषः 0751-2400800 बेवसाईटः gwpcgwalior.org ईमेलःprinwpoly.gwl@mp.gov.in


क्रमांक/ग्रंथालय/2026/ 963-975 ग्वालियर, दिनांक- 24/8/2026

प्रति,
पृष्ठ भाग पर अंकित
अनुसार

विषयः– ग्रंथालय मे वित्तीय वर्ष 2026-27 में पुस्तकें प्रदाय करने हेतु कोटेशन आमंत्रित करने बाबत्।

इस संस्था मे संचालित पाठ्यक्रम इलेक्ट्रॉनिक्स एवं टेली कम्युनिकेशन, कम्प्यूटर साईन्स, मार्डन ऑफिस मैनेजमेन्ट, टेक्सटाइल डिजाईन, ब्यूटीकल्चर एण्ड कॉस्मेटॉलॉजी, इनफोर्मेशन टेकनॉलोजी एवं आर्कीटेक्चर एण्ड इंटीरियर डिजाईन में पुस्तक क्रय करने हेतु शासन से प्राप्त स्वीकृति के अंतर्गत अधिकृत विक्रेताओं/प्रकाशकों/एवं भारत में उनके प्रतिनिधियों से दिनांक 15 सितम्बर 2026 अपरांह 4 बजे तक कोटेशन आमंत्रित किये जाते हैं। कोटेशन इस महाविद्यालय में सील बंद लिफाफे में भेजी जाये एवं लिफाफे के उपर "पुस्तकें क्रय हेतु कोटेशन" लिखें।

| क्र. | विवरण | डिस्काउन्ट की दर |
|---|---|---|
| 1 | भारतीय प्रकाशन की पुस्तकें (पेपर बैंक) | |
| 2 | विदेशी प्रकाशन की पुस्तकें (पेपर बैंक) | |
| 3 | शासकीय प्रकाशन एवं शासकीय नियमों से संबंधित पुस्तकें (पेपर बैंक) | |
| 4 | स्वयं के प्रकाशन की पुस्तकें(पेपर बैंक) | |

1. कोटेशन प्रदायकर्ताओं के लेटर पेड में उपरोक्तानुसार पुस्तकों के प्रकार में डिसकाउन्ट दर अंकित कर प्राचार्य शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय पड़ाव ग्वालियर के नाम से भेजें।
2. सभी प्राप्त कोटेशन दिनांक 15 सितम्बर 2026 अपरांह 4 बजे प्राचार्य कक्ष में क्रय समिति के सदस्यों एवं फर्मो के प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।
3. शासन के नियमानुसार 30 प्रतिशत खरीदी एस0सी0/एस0टी0 के फर्म के माध्यम से की जा सकेगी । अतः ऐसे उद्यमियों/विक्रेताओं/संस्थाओं/उत्पादनों जो स्वयं अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग है या जिनमें इस वर्ग के व्यक्तियों की भागीदारी 50 प्रतिशत से अधिक है कि वह इस आशय का प्रमाण पत्र तथा जिला उद्योग एवं व्यापार केंन्द्र से उपरोक्त वर्गो के अंतर्गत पंजीकरण का प्रमाण पत्र (सत्यापित छायाप्रति) संलग्न करें।
4. कोटेशन भरने वाले पुस्तक विक्रेता को दी गई समय सीमा के अन्दर निर्धारित दरों एवं सूची के अनुसार आदेश की पूर्ति करनी होगी।
5. पुस्तक एफओआर महाविद्यालय परिसर तक भिजवाना होगी एवं किसी भी प्रकार का पैकिंग/पोस्टेज व्यय मान्य नहीं होगा।
6. पुस्तके नवीनतम संस्करणों में आदेशानुसार समयावधि में उपलब्ध कराना होगी। पुस्तके आदेशानुसार न होंने पर या कटी फटी होंने पर वापिस ले जाने की जवाबदारी प्रदायकर्ता की होगी ।
7. किसी भी प्रकार का अंतरिम भुगतान नहीं होगा। पुस्तकें के मूल्य परिवर्तन होने पर प्रकाशन की सील एवं पुस्तक मूल्य में परिवर्तन होने पर प्रकाशन द्वारा प्रमाण –पत्र देना होगा एवं कोटेशन के साथ पुस्तकों की सूची मूल्य सहित भेजना अनिवार्य हैं।
8. कोटेशन को अंशतः या पूर्णतः स्वीकार करने या न करने एवं क्रय सूची, क्रय प्रकिया को संशोधित करने का अधिकार प्राचार्य के पास सुरक्षित रहेगा।
9. अद्यतन टेन/पेन नम्बर की छायाप्रति/जीएसटी एवं फर्म के रजिस्ट्रेशन की कॉपी संलग्न करना अनिवार्य है।
10. उक्त कोटेशन संस्था की बेवसाईट gwpcgwalior.org पर उपलब्ध है। इच्छुक प्रदायकर्ता कोटेशन भेज सकते हैं।
11. किसी भी विवाद की स्थिति मे न्यायालय का क्षेत्राधिकार ग्वालियर रहेगा।

{डॉ0 ए0 ए0 सिद्दीकी}
प्राचार्य
शासकीय महिला पोलीटेक्निक महाविद्यालय
ग्वालियर (म0प्र0)

O/C

24.8.26